सकती है । सरकार यात्रकों से आशा करती है कि वे बाजार की आवश्यकताओं के अनुसार कार्गो सेवाओं की व्यवस्था करें ।

महिला केबिन क्रू के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार

4187. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि महिला केबिन क्रू के सदस्यों के साथ, जो इंडियन एयरलाइन्स के अन्य क्षेत्रों से दिल्ली स्थानान्तरित होकर आयी है, उनके क्रू सदस्य दुर्व्यवहार करते हैं ;

(ख) 5 जुलाई, 1992 से 5 जुलाई, 1993 तक प्रचालन विभाग, दिल्ली को इस आशय की कितनी शिकायतें मिली है ;

(ग) इन शिकायतों के बारे में सम्बन्धित विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ; और

(घ) इंडियन एयरलाइन्स इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं ।

(ख) इस अवधि में कोई शिकायतें प्राप्त नहीं हुई हैं ।

(ग) और (घ) ये प्रश्न नहीं उठते ।

खान-पान सेवा में रत कर्मचारियों द्वारा चोरी

4188. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली के अन्तर्राष्ट्रीय विमानपत्तन पर खान-पान सेवा उपलब्ध कराने वाले ठेकेदारों द्वारा नियोजित कर्मचारी नियमित रूप से विदेशी पर्यटकों की आयतित वस्तुओं की चोरी करते हैं जिससे इस राष्ट्र की प्रतिष्ठा को बट्टा लग रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि खान-पान सेवा से संबंधित कर्मचारियों के पास से चोरी का माल पकड़ा गया है ;

(घ) चोरी के मामले में दोषी पाये गये कर्मचारियों तथा उनके नियोक्ताओं के नाम क्या हैं ; क्या यह सच है कि सीमा शुल्क विभाग के कर्मचारियों की भी इसमें साझेदारी होती है ;

(ङ) क्या ठेकेदारों ने अपने कर्मचारियों के पास चोरी का माल पकड़ा है और उन्होंने उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की है ; और

(च) क्या उनकी कोई तलाशी ली गई है और सरकार ने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या कदम उठाये हैं ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इस मामले में कोई विशिष्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठते ।

Vigilance cases against ITDC Officials

4189. SHRI MATANG SING : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state ;

(a) what are the names of the officials of ITDC against whom vigilance cases are pending, since when those cases are pending and what are the details of the offences committed by them; and

(b) by when these cases are likely to be filed and what are the reasons for pendency of those cases ?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NAI AZAD) : (a) Necessary information is given in the Statement. *(See below)*.

(b) It has been the endeavour of the ITDC Management to finalise vigilance cases as quickly as possible. However, sometimes delay is caused due to non appearance of witnesses, adjournments sought by the parties on grounds of sickness etc.

Statement

Details of ITDC officials against whom Vigilance cases are Presently Pending

S. No.	Name and designation of the official	Allegation in brief	Date of pending case
1.	Shri R. C. Gupta, former General Manager, Ashok Hotel, New Delhi and presently Area General Manager (South)	(i) Complaint regarding dinner hosted by a Minister and allotment of VIP suites at a lower tariff in Ashok Hotel, New Delhi.	June, 1993